भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जे.एल.एन. मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड़,),
जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002

संख्याः 1-01/2023-प्रशासन एवं कार्मिक

दिनांकः 17 मार्च, 2023

प्रेषितिः-

भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर निजी सहायक के पद को भरने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 31 जनवरी, 2023 के संदर्भ में, जिसके अन्तर्गत **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर निजी सहायक** के पद को आरंभ में **दो वर्षों** के लिए भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। पद के लिए वांछित योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

पद का नाम	वेतनमान / पे-लेवल	पात्रता की शर्तें
निजी सहायक	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 6, रुपये 35400-112400 (संशोधन पूर्वः पी.बी-2, रुपये 9300-34800+ ग्रेड़-पे रुपये 4200) एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि	केन्द्रीय सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः (i) जो समकक्ष पद पर कार्यरत हैं **अथवा** (ii) पी.बी.-1, रुपये 5200-20200 + ग्रेड़-पे रुपये 2400 *(छठें वेतन आयोग के अनुसार) (सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन लेवल-4 में संशोधित)* में आशुलिपिक ग्रेड़ 'ड़ी' में छः वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो। कार्मिक को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान होना चाहिए।

2. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-।।) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

क्रमशः....पृ/2

3. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की पिछली पाँच वर्षों की ए.सी.आर. / ए.पी.ए.आर. की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रपत्र (भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से ड़ाउनलोड़ किया जा सकता है) में आवेदन प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **उप सलाहकार (मा.सं.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002** को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को **20 अप्रैल, 2023** तक बढ़ाया गया है।

5. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

17/3/2023

(विनय कुमार गोयल)
उप सलाहकार (मा.सं.)
दूरभाषः 011-23664-189

प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा):-

1. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
2. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
3. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
4. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - *कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें*।
5. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 - *कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड़ करने का कष्ट करें*।
6. नोटिस बोर्ड़